FREE NOTES BY HIMANSHI SINGH

Let's LEARN!

# HINDI PEDAGOGY

## हिन्दी शिक्षण-शास्त्र

REVISED AND UPDATED

FOR ALL TEACHING EXAMS :
(CTET, UPTET, KVS, DSSSB, NVS, REET ETC.)

GUARANTEED

PAPER यहीं से आएगा



Let's LEARN!

YouTube

CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

Share

SUBSCRIBE

## Other Important Links

**CTET 5 Marathon Free Classes by Himanshi Singh:**
https://bit.ly/3skQ6wq

- **Pedagogy Classnotes Book (Amazon Link) :** https://amzn.to/3s4Pjjo
- **Pedagogy Classnotes Book (Flipkart Link) :** https://rb.gy/1z3xfw

**Instagram :-** https://instagram.com/himanshisinghof...

**Twitter :-** https://twitter.com/himanshiiisingh

**Facebook :-** https://m.facebook.com/letslearnforctet/

**Telegram :-** https://telegram.me/LETSLEARNSQUAD

# Contents ( विषय-सूची )


1. भाषा ( Language ) .......... 1
2. भाषा अर्जन ( Acquisition ) .......... 1
3. भाषा अर्जन किस वजह से होता है? .......... 1
4. मातृभाषा क्या है? .......... 1
5. भाषा अधिगम .......... 2
6. भाषा अर्जन व भाषा अधिगम में अंतर क्या है? .......... 2
7. भाषा अर्जन व भाषा अधिगम का मुख्य अंतर क्या है? .......... 2
8. भाषा के विविध रूप .......... 3
9. भाषा सीखने के चरण .......... 3
10. भाषा शिक्षण की प्रमुख विधियाँ .......... 3
    1. व्याकरण विधि, 2. व्याकरण-अनुवाद विधि, 3. प्रत्यक्ष विधि (Direct Method),
    4. सम्मिश्रण विधि, 5. संप्रेषणपरक विधि (Communicative Method)
    6. आगमन विधि (Inductive Method), 7. निगमन विधि (Deductive Method)
11. जीन पियाजे .......... 5
12. भाषा एवं विचार-पियाजे .......... 5
13. लेव वाइगोत्सकी .......... 5
14. भाषा और विचार .......... 5
15. नोम चोमस्की .......... 6
16. भाषा कौशल .......... 6
17. लेखन के प्रकार .......... 7
18. भाषायी विकार .......... 8
19. शिक्षण: त्री-आयामी ( जॉन डीवी ) .......... 8
20. शिक्षण सूत्र ( Teaching Maxims ) .......... 8
21. शिक्षण सहायक सामग्री ( Teaching Learning Material ) .......... 8
22. निदानात्मक शिक्षण ( Diagnostic Test ) .......... 10
23. उपचारात्मक शिक्षण ( Remedial Teaching ) .......... 10
24. उपलब्धि परीक्षण .......... 10
25. दक्षता परीक्षा .......... 10
26. अभिरुचि परीक्षा .......... 11
27. मुख्य कौशल .......... 11
28. पुनर्बलन .......... 11
29. बहुभाषिकता .......... 11
30. पाठ्य-पुस्तक ( Text Book ) .......... 12
31. त्रिभाषा सूत्र .......... 12


Let's LEARN!

## भाषा (Language)

- भाषा हमारे विचारों को व्यक्त करने तथा दूसरों के विचारों को समझने का एक साधन है।
- केवल संप्रेषण का माध्यम ही नहीं इसके अन्य कुछ प्रकार्य है:

1. भाषा विचारों के आदान-प्रदान के साधन के रूप में।
2. भाषा सामाजिक जीवन को सार्थक करने के रूप में।
3. भाषा ज्ञान प्राप्ति के साधन के रूप में।
4. भाषा साहित्य, कला, संस्कृति और सभ्यता को विकसित करने में सहायक के रूप में।
5. लिपि भाषा का लिखित रूप होता है।
6. भाषा और लिपि के बीच कोई निश्चित संबंध नही होता, कोई भी भाषा किसी भी लिपि में लिखी जा सकती है।

### भाषा के भेद/रूप

1. लिखित भाषा 2. मौखिक भाषा 3. सांकेतिक भाषा

*Note* : लिखित भाषा मौखिक भाषा की तुलना में अधिक स्थायी होती है।

## भाषा अर्जन (Acquisition)

**परिभाषा:** मनुष्य में जन्मजात क्षमता है भाषा को अर्जित करने की जिसका प्रयोग करके मनुष्य वार्तालाप करना व भाषा का सहज रूप से प्रयोग करना सीख जाता है बिना किसी विशेष प्रयास के इसी को भाषा अर्जन कहते हैं।

1. स्वाभाविक प्रक्रिया
2. वातावरण का प्रभाव
3. सहज प्रक्रिया
4. अचेतन या अवचेतन प्रक्रिया
5. अर्जन का संबंध मातृभाषा से ज्यादा
6. अनौपचारिक प्रक्रिया है।

### ⋆ भाषा अर्जन किस वजह से होता है? ⋆

हमारे अंदर आंतरिक क्षमता है की हम भाषा को स्वाभाविक रूप से अर्जित कर ले अपने पर्यावरण से। जैसे-जबसे बच्चा पैदा होता है तब से परिवार वाले उससे बातें करते हैं जैसे बच्चे को भाषा आती है, किन्तु बच्चा ऐसे ही भाषा अर्जित करता है पर्यावरण से सुनकर, देखकर, बोलकर इत्यादि।

### ⋆ मातृभाषा क्या है? ⋆

किसी भी व्यक्ति के लिए भाषा का पहला रूप। अत: बच्चे के घर में बोली जाने वाली भाषा मातृभाषा कहलाती है।

**Definition:** भाषा अर्जन एक ऐसी प्रक्रिया जो बिल्कुल स्वाभाविक है। सामान्यत: बच्चा मातृभाषा का अर्जन परिवार से ही कर लेता है, स्कूल आने से पहले से ही वे मातृभाषा में अपनी बात कहने व समझने में सक्षम होता है।



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

## ★ भाषा अधिगम ★

- अधिगम में प्रयास की आवश्यकता पड़ती है। चेतन रूप से सीखी जाती है, नियम सीखने होते हैं, किताबें पढ़नी होती हैं। कौशल सीखने होते हैं। शिक्षकों की जरूरत पड़ती है। अत: भाषा अधिगम एक औपचारिक प्रक्रिया है।
- अधिगम का संबंध दूसरी भाषा से है।
- चेतन प्रक्रिया है।
- प्रयासपूर्ण रहना पड़ेगा।
- औपचारिक माहौल चाहिए।
- स्किनर के अनुसार भाषा अनुकरण + पुर्नबलन से सीखी जाती है।
- वाइगोत्सकी के अनुसार, भाषा सामाजिक-क्रिया द्वारा सीखी जाती है।
- व्याकरण को संदर्भ में सिखाया जाना चाहिए।
- भाषा सीखने के लिए प्रिंट-समृद्ध वातावरण दिया जाना चाहिए।

## ★ भाषा अर्जन व भाषा अधिगम में अंतर क्या है? ★

| भाषा अर्जन | भाषा अधिगम |
|---|---|
| 1. अवचेतन प्रक्रिया | चेतन प्रक्रिया |
| 2. स्वाभाविक प्रक्रिया | नियमबद्ध प्रक्रिया |
| 3. अनौपचारिक प्रक्रिया | औपचारिक प्रक्रिया |
| 4. मातृभाषा | दूसरी भाषा |

## ★ भाषा अर्जन व भाषा अधिगम का मुख्य अंतर क्या है? ★

- वातावरण का।
- मातृभाषा हमेशा अर्जित की जाती है।
- बच्चा एक से अधिक भाषाएँ भी अर्जित कर सकता है (वातावरण से)

### लक्ष्य भाषा (Target language)

- दूसरी भाषा या स्कूल की भाषा।

### मातृभाषा (Mother tongue)

- भाषा का पहला रूप।
- हमेशा अर्जित करते हैं।



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**Q. बच्चे अपनी मातृभाषा का प्रयोग करते हुए हिंदी भाषा की कक्षा में अपनी बात कहते हैं। यह बात ________ है।**

A. स्वाभाविक
C. निंदनीय
B. विचारणीय
D. अनुचित

Ans. A

**1. NCF भी कहता कि बच्चे को प्राथमिक स्तर पर बच्चे की मातृभाषा का प्रयोग करने दो ताकि बच्चा स्वाभाविक तथा सरल प्रक्रिया से सीखेगा।**

- बच्चे को स्वयं को अभिव्यक्त करने देंगे अपनी मातृभाषा में।
- मातृभाषा प्रयोग करने की वजह से बच्चे की भाषा में क्षेत्रीय भाषा का प्रभाव हो सकता है जैसे-सड़क को सरक बोलना। यह एक स्वाभाविक बात है।
- हम मातृभाषा (Mother Tongue) और बहुभाषिता (Multilingualism) को स्वीकार करते हैं कक्षा में।

## ⋆ भाषा के विविध रूप ⋆

- मातृभाषा (Mother Tongue) → भाषा का पहला रूप।
- राष्ट्रभाषा (National Language) → कोई नहीं (संवैधानिक तौर पर हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा नहीं है।)
- राजभाषा (Official Language) → हिन्दी।
- भारत 1963 के OLA (Official Language Act) के तहत Article 343(1) हिन्दी भारत की राजभाषा है।
- मानक भाषा → शिक्षा व कार्यालयी प्रयोग की भाषा।

## ⋆ भाषा सीखने के चरण ⋆

1. कूकना (Cooing) – 6 सप्ताह
2. बलबलाना (Babbling) – 6 माह
3. एक शब्द चरण (One-word Stage) – 1 साल
4. टेलीग्राफिक व दो-शब्द चरण – 18 माह से 24 माह (1.5 वर्ष से 2 वर्ष)
5. लम्बे उच्चारण – 2 साल से 4 साल

## ⋆ प्रोफेसर स्मिथ के अनुसार ⋆

- 1 साल में – 3 शब्द
- 2 साल में – 272 शब्द
- 5 साल में – 2072 शब्द

## ⋆ भाषा शिक्षण की प्रमुख विधियाँ ⋆

1. व्याकरण विधि
2. व्याकरण-अनुवाद विधि
3. प्रत्यक्ष विधि
4. सम्मिश्रण विधि
5. संप्रेषणपरक विधि
6. आगमन विधि
7. निगमन विधि

### 1. व्याकरण विधि

- इस विधि के अंतर्गत अन्य भाषा के नियमों को कुछ शब्दों के साथ सिखाया और याद कराया जाता है।
- इसके बाद शब्द-संयोजन और व्याकरणिक नियमों के आधार पर अभ्यास कराए जाते हैं।

### 2. व्याकरण-अनुवाद विधि

- यह विधि उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक परंपरागत (Traditional) और मान्य विधि के रूप में पचलित रही।
- इसमें व्याकरण और अनुवाद दो विधियाँ परस्पर संयोजित हैं।
- इस विधि में बच्चे लक्ष्य भाषा पढ़ना, लिखना तो सीख लेते हैं परन्तु बोलने के ज्यादा अवसर नहीं मिलते।
- इस विधि में बच्चे की मातृभाषा में अनुवाद के माध्यम से लक्ष्य भाषा सिखाई जाती है।

### 3. प्रत्यक्ष विधि (Direct Method)

- व्याकरण-अनुवाद विधि की अनेक सीमाओं के कारण प्रत्यक्ष विधि का आविर्भाव हुआ।
- इसे मौखिक वार्तालाप विधि भी कहा जाता है।
- इस विधि में शिक्षार्थी की मातृभाषा की मध्यस्थता के बिना अन्य भाषा सिखाई जाती है।
- इस विधि में बच्वें की मातृभाषा का प्रयोग नहीं किया जाता; केवल लक्ष्य भाषा को आधार बनाया जाता है।

### 4. सम्मिश्रण विधि

- इस विधि के अंतर्गत भाषा शिक्षण की प्रक्रिया के व्यावहारिक पक्षों का सम्मिश्रण है।
- इस सम्मिश्रण विधि में शिक्षक भाषा शिक्षण के विभिन्न उद्देश्यों के अनुरूप और शिक्षण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर किसी भी विधि का चयन कर सकता है।

### 5. संप्रेषणपरक विधि (Communicative Method)

- प्रत्यक्ष विधि की प्रक्रिया को और शुद्ध बनाते हुए संप्रेषणपरक विधि का विकास हुआ।
- भाषा-प्रयोग सीखने में ही भाषा की संरचना सीखना है।
- यह स्वाभाविक रूप से भाषा के प्रयोग पर बल देती है, संप्रेषण के माध्यम से भाषा सीखी जाती है।

### 6. आगमन विधि (Inductive Method)

- उदाहरण से नियम की ओर।
- विशिष्ट से सामान्य की ओर।
- ज्ञात से अज्ञात की ओर।

उदाहरण : पहले संज्ञा के उदाहरण देते हुए बाद में परिभाषा बताना।

**7. निगमन विधि** (Deductive Method)

- नियम से उदाहरण की ओर
- सामान्य से विशिष्ट की ओर।

उदाहरण : पहले परिभाषा बताना फिर उसके उदाहरण व प्रश्न हल करवाना।

## ⋆ जीन पियाजे ⋆

- अहमकेंद्रित वाक्
- जीन पियाजे ने भाषा को संज्ञानात्मक विकास के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण नहीं माना है।

**Q. अहमकेंद्रित वाक् क्या होता है?**

अहमकेंद्रित वाक् का मतलब है कि बच्चा खुद से ही बोल-बोल कर बात करता है। (2-6) वर्ष की उम्र में।

## ⋆ भाषा एवं विचार-पियाजे ⋆

- जीन पियाजे कहते हैं की पहले विचार आया फिर भाषा आयी।
- जीन पियाजे ने कहा है कि विचार से भाषा आती है। और विचार भाषा को सुनिश्चित भी करता है।

## ⋆ लेव वाइगोत्सकी ⋆

- बालक भाषा अपने परिवेश से अंत:क्रिया (Interact) करते हुए सीखता है।
- इनके अनुसार, निजी भाषा (Private Speech) बालक के संज्ञानात्मक विकास में सहायक होती है।
- लेव वाइगोत्सकी कहते हैं कि भाषा मानव का सर्वश्रेष्ठ यंत्र है। जिसके द्वारा हम ज्ञान का निर्माण कर सकते हैं। समझ सकते हैं और समझा सकते हैं। (Language is a tool)
- लेव वाइगोत्सकी के सिद्धांत का नाम: सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धांत है।
- **अंतरीकरण (Internalisation) :** बालक बाहरी वातावरण के अवलोकन को अपने भीतर आत्मसात करके सीखता है। यह संज्ञानात्मक विकास व भाषा दोनों के विकास में सहायक है।
- लेव वाइगोत्सकी के सिद्धांत में भाषा के तीन महत्त्वपूर्ण पक्ष –

1. सामाजिक वाक् (Social Speech) (2 वर्ष की उम्र में)
2. निज वाक् (Private Speech) (3-6 वर्ष की उम्र)
3. आन्तरिक मौन वाक् (Silent Inner Speech) (6 वर्ष के बाद)

## ⋆ भाषा और विचार ⋆

- वाइगोत्सकी के अनुसार, शुरुआती सालों में भाषा और विचार एक-दूसरे से स्वतंत्र होते हैं एक समय के बाद मिल जाते हैं।



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**Q. जिग-सॉ पहली को करते समय 5 वर्ष की नज्मा स्वयं से कहती है, "नीला टुकड़ा कहाँ है? नहीं, यह वाला नहीं, गाढ़े रंग वाला जिससे यह जूता पूरा बन जाएगा"।**

**इस प्रकार की वार्ता को <u>वाइगोत्सकी</u> किस तरह संबोधित करते हैं?**

1. व्यक्तिगत वार्ता
2. जोर से बोलना
3. पाड़ (ढाँचा)
4. आत्मकेंद्रित वार्ता

Ans. A

## ⋆ नोम चोमस्की ⋆

- प्रत्येक बालक भाषा सीखने की जन्मजात शक्ति/क्षमता के साथ पैदा होता है। (Innate Ability to acquire language)
- जिसे भाषा अर्जन यंत्र (LAD) कहा जाता है। (LAD – Language Acquisition Device)
- विश्व की सभी भाषाएँ एक ही मूल व्याकरण (Universal Grammar) से संबद्ध हैं जिसे समझने में भाषा अर्जन यंत्र (LAD) हमारी सहायता करता है।
- भाषा अर्जन यंत्र (LAD) पाँच साल तक ज्यादा सक्रिय रहता है। यह संवेदनशील काल होता है भाषा सीखने के लिए।

**Q. 'भाषा अर्जन क्षमता' किसके साथ संबंधित है?**

A. पियाजे
B. चोमस्की
C. स्किनर
D. ब्रूनर

Ans. B

## ⋆ भाषा कौशल ⋆

1. सुनना
2. बोलना
3. पढ़ना
4. लिखना

गृह्यात्मक कौशल
अभिव्यक्तात्मक कौशल

(सु बो प लि) Trick

- भाषा कौशल का मनोवैज्ञानिक क्रम–

1. सुनना 2. बोलना 3. पढ़ना 4. लिखना

- भाषा के मुख्य चारों कौशल (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना) एकीकृत व अंतः संबंधित हैं।
- सुनना और पढ़ना ग्रह्यात्मक कौशल है।
- बोलना और लिखना अभिव्यक्तात्मक कौशल है।
- भाषा कौशल सु बो प लि क्रम में सीखे जाते हैं परन्तु केवल इसी क्रम में सीखे जाते हैं ऐसा नहीं है।

### 1. सुनना


- बच्चों को सुनने का मौका देंगे।
- बच्चों से शब्दों का उच्चारण करवाना।
- कहानी व कविता सुनाना।

### 2. बोलना

- कविता का पठन
- संवाद कर सकते हैं।
- मौखिक प्रश्न पूछ सकते हैं।
- बच्चों से किसी भी विषय पर टिप्पणी करने को कह सकते हैं।

### 3. पढ़ना

- पढ़ने के कौशल को वाचन भी कहते हैं।




- मौन पठन से बच्चे का ध्यान बेहतर होगा।
- तेजी से पढ़ सकेगा।
- ज्यादा विषय पढ़ सकेगा।


- बच्चे का उच्चारण अच्छा होगा।
- सुनने और बोलने के कौशल बेहतर होंगे।
- सस्वर पठन से रस भी आता है।

### 4. लिखना

- अध्यापिका बच्चे की वर्तनी (Spelling) की अशुद्धियों को ठीक कराने के लिए श्रुतलेख का प्रयोग किया जाएगा।

## ★ लेखन के प्रकार ★

- **सुलेखः** सुन्दर लेख
- **श्रुतलेखः** वर्तनी की अशुद्धियां दूर कराना
- **अनुलेखः** अक्षरों का अनुरेखण (ट्रेस) करना।






Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

## ★ भाषायी विकार (Language disabilities) ★

1. **अफेशिया (Aphasia)**–अफेशिया के कारण सुनने, समझने और बात करते समय भाषा के उपयोग में समस्याएँ आतीं हैं।
2. **डिस्लेक्सिया**–पठन अक्षमता (पढ़ने व लिखने में समस्या)

**Q. 'पठन वैकल्य' बच्चों के प्राथमिक लक्षण क्या हैं?**

A. न्यून-अवधान विकार


B. अपसारी चिंतन; पढ़ने में धाराप्रवाहित

C. धाराप्रवाह पढ़ने की अक्षमता

D. एक ही गविविषय कार्य को बार-बार दोहराना

Ans. C

## ★ शिक्षण: त्री-आयामी (जॉन डीवी) ★




## ★ शिक्षण सूत्र (Teaching Maxims) ★

- ज्ञात से अज्ञात की ओर
- मूर्त से अमूर्त की ओर
- सरल से जटिल की ओर।

## ★ शिक्षण सहायक सामग्री (Teaching Learning Material) ★

- दृश्य सामग्री (चार्ट)
- श्रव्य सामग्री (रेडियो)
- दृश्य-श्रव्य सामग्री (टीवी)
- क्रिया-सहायक सामग्री (फील्ड ट्रिप)



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**Q. शिक्षण सहायक सामग्री का क्या प्रयोग है?**

शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग शिक्षण को और ज्यादा रुचिकर बनाने के लिए, प्रभावी बनाने के लिए, स्वाभाविक, भागीदारिता, सक्रिय बनाने के लिए किया जाता है।

**Q. प्राथमिक स्तर की पाठ्य-पुस्तक में कार्टून, भाषण, विज्ञापन आदि बच्चों के भाषा-क्षमता विकास में _______ हैं।**

A. सहायक
B. बाधक
C. निरर्थक
D. अनुपयोगी

Ans. A

**Q. प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने में भाषा संबंधी कौन-सा संसाधन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है?**

A. कम्प्यूटर
B. बाल साहित्य
C. समाचार-पत्र
D. टेलीविजन

Ans. B

**✶ दृश्य सामग्री (Visual Aid)**

1. श्यामपट्ट (Black Board)
2. पाठ्यपुस्तक
3. चार्ट
4. मानचित्र

**✶ श्रव्य सामग्री (Hearing Aid)**

1. रेडियो
2. माइक्रोफोन
3. एम्पलीफायर
4. टेप रिकॉर्डर

**✶ दृश्य-श्रव्य सामग्री (Audio-Visual Aid)**

1. फिल्म प्रोजेक्टर
2. टेलीविजन
3. चलचित्र

**✶ क्रिया-सहायक सामग्री**

1. किसी ऐतिहासिक, संग्रहालय, उद्यान का भ्रमण करना।

**✶ मूल्यांकन एवं उपचारात्मक शिक्षण**

मूल्यांकन एक ऐसी निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिससे शिक्षक, छात्र के ज्ञान व सीखने की प्रक्रिया का आकलन करते हैं।

Let's LEARN!



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**Q. आंकलन का क्या उद्देश्य होता है?**

1. जो शिक्षक ने छात्र को सिखाया है वह छात्र के द्वारा कितना सीखा गया है।
2. छात्रों की समस्या को दूर करना।
3. छात्रों की योग्यता, रुचि, कुशलताओं को पहचानकर उनके अनुसार शिक्षण विधि को तैयार करना।




- आंकलन (Assessment) में यह देखते हैं कि बच्चा कैसे सीखता है।
- मापन (Measurement) में यह देखते हैं कि बच्चे ने कितने प्रतिशत सीखा है।
- आकलन व मापन दोनों मूल्यांकन का हिस्सा हैं।

## ★ निदानात्मक परीक्षण (Diagnostic Test) ★

जब शिक्षक छात्रों को किसी विषय में कार्य करने को देता है और उसमें छात्र असफल या कठिनाई अनुभव करता है तो छात्र की असफलता व कठिनाई के पीछे का कारण जानना ही 'निदान' कहलाता है।

## ★ उपचारात्मक शिक्षण (Remedial Teaching) ★

जब शिक्षक बच्चों की कमियों को दूर करके दोबारा से शिक्षण करवाता है तो वह उपचारात्मक शिक्षण कहलाता है।

*Note* : निदान के बाद उपचारात्मक शिक्षण किया जाता है।

### ★ उपलब्धि परीक्षण

- इस परीक्षा का प्रमुख उद्देश्य यह अनुमान लगाना होता है कि शिक्षण कार्यक्रम से शिक्षार्थी ने क्या सीखा।
- भाषा कौशलों को कहाँ तक सीख पाया और उनके आधार पर भाषा का प्रयोग किस हद तक उपयुक्त ढंग से कर पाया है आदि।

### ★ दक्षता परीक्षा

- इसमें यह जाना जा सकता है कि शिक्षार्थी शिक्षण विषय को कहाँ तक समझ पाया है और भाषा-कौशलों में उसकी दक्षता या प्रवीणता का स्तर कितना है।



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

★ **अभिरुचि परीक्षा (Aptitude Test)**

- इससे यह पता चलता है कि शिक्षार्थी भाषा सीखने के लिए उपयुक्त अभिरुचि रखता है अथवा नहीं।
- यह भी अनुमान लगाया जा सकता है कि शिक्षार्थी अपेक्षित शिक्षण में सफल हो पाएगा या नहीं।
- इसके लिए यह आवश्यक नहीं कि शिक्षार्थी को लक्ष्य विषय का पूर्व ज्ञान हो किंतु दक्षता परीक्षा के लिए लक्ष्य विषय का ज्ञान होना आवश्यक है।

**Q. प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा का आंकलन करने का उद्देश्य है?**

A. उसकी पठन क्षमता का आंकलन।

B. उसके भाषा-प्रयोग की क्षमता का आंकलन।

C. उसकी लेखन क्षमता का आंकलन।

D. उसकी बोलने की कुशलता का आंकलन।

Ans. B

★ **मुख्य कौशल (Primary Skill)**

1. सुनना
2. बोलना

★ **पुनर्बलन (Reinforcement Skill)**

1. बोलना
2. लिखना

★ **बहुभाषिकता (Multilingualism)**

- NCF बहुभाषिता को संसाधन मानता है।
- बहुभाषिता का मतलब है, एक ही कक्षा में कई भाषा बोलने वाले बच्चे होना।
- बहुभाषी कक्षा में बच्चे की मातृभाषा को संसाधन के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**Q. बहु-भाषिकता हमारी पहचान भी है और हमारी _______ व _______ का अभिन्न अंग भी।**

A. सभ्यता, संस्कृति

B. सभ्यता, साहित्य

C. संस्कृति, साहित्य

D. संस्कृति, चुनौतियों

Ans. A



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**✶ पाठ्य-पुस्तक (Text Book)**

- कई संसाधनों में से एक संसाधन है, लेकिन एकमात्र संसाधन नहीं है।
- रंग-बिरंगी होनी चाहिए।
- आसान भाषा में होनी चाहिए। (बोल चाल की भाषा)
- व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित।
- बच्चे के स्तर के अनुरूप होनी चाहिए।

**✶ त्रिभाषा सूत्र**

1964-66 में कोठारी आयोग द्वारा त्रिभाषा सूत्र की संकल्पना दी गई।

1. पहली भाषा के रूप में मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा को पढ़ाया जाए।
2. द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी भाषी राज्यों में कोई भी आधुनिक भारतीय भाषा या अंग्रेजी को और गैर हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी भाषा को द्वितीय भाषा के रूप में पढ़ाया जाए।
3. तृतीय भाषा के रूप में हिंदी भाषी तथा गैर हिंदी भाषी दोनों राज्यों में अंग्रेजी या कोई भी ऐसी आधुनिक भारतीय भाषा जिसे द्वितीय भाषा के रूप में न पढ़ाया गया हो।



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

# अभ्यास

**1. निम्नलिखित में से किस कार्य के लिए शब्दकोश से सहायता नहीं मिलेगी?**

A. उच्चारण में सुधार

B. शब्द संपदा में सुधार

C. वर्तनी में सुधार

D. लिखावट में सुधार

Ans.D

**2. समग्र भौतिक प्रतिक्रिया विधि में ............ अवबोधन विषय का आधार है।**

A. श्रवण B. पठन

C. वाचन D. लेखन

Ans.A

**3. जब विद्यार्थी आनन्द के लिए पढ़ते है, इसका तात्पर्य वे ............. में संलग्न हैं।**

A. सरसरी दृष्टि से पठन

B. बारीकी से पठन

C. गहनता के साथ पठन

D. विस्तार से पठन

Ans.D

**4. भाषा संकेत परिवर्तन और भाषा संकेत मिश्रण बहुधा ................. देखे जाते हैं।**

A. एकलभाषी बच्चों में

B. द्विभाषी बच्चों में

C. पठन वैकल्य ग्रसित बच्चों में

D. गणन वैकल्य ग्रसित बच्चों में

Ans.B

**5. भाषा की आधारभूत संरचनात्मक इकाई ...... ................. है।**

A. स्वनिम B. आकृति (मॉर्फिन)

C. लेखाचित्र D. भाषा विषयक

Ans.A

**6. बहुविकल्पी प्रश्न, क्लोज परीक्षण, निम्नलिखित का मिलान करो आदि प्रश्नों के उन प्रकारों के उदाहरण हैं जिन्हें हम बहुधा .............. परीक्षणों में देखते हैं।**

A. वस्तुनिष्ठ B. पत्र लेखन

C. मौखिक D. निबंध

Ans.A

**7. यदि आप शब्दों के सिर्फ समानार्थी और विपरीतार्थी जानना चाहते हैं तो आपको किसकी आवश्यकता होगी?**

A. शब्दकोश

B. संकलन

C. शब्द समूहों का सूची कोश

D. उच्चारण निर्देशिका

Ans.C

**8. वर्गशब्द पहेलियों के भाषा खेल विद्यार्थियों को उनकी .............. सुधारने में मदद करते हैं।**

A. पठन B. शब्द संपदा

C. लेखन D. वाचन

Ans.B

**9. सुश्री सुधीना कक्षा एक में भाषा पढ़ाती है। वह अपने विद्यार्थियों को कविता और शिशुगीत पढ़ाना पसंद करती हैं जिन्हें विद्यार्थी पहले सुनते हैं फिर दोहराते हैं।**
**सुश्री सुधीना अपने विद्यार्थियों के .............. को पुष्ट कर रही है।**

A. श्रवण एवं वाचन

B. वाचन एवं पठन

C. श्रवण एवं पठन

D. पठन एवं लेखन

Ans.A



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**10. जब कोई विद्यार्थी भाषा का प्रयोग अपनी भावनाओं, संवेगों और विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए करती है, वह भाषा के ............... प्रकार्य का प्रयोग कर रही है।**

A. सूचनात्मक

B. निर्देशात्मक

C. व्यंजक/अर्थपूर्ण

D. विकासमूलक

Ans.C

**11. श्री जगबीर अपनी कक्षा-दो में श्रुतलेख के प्रयोग से अपने विद्यार्थियों की .............. क्षमता में सुधार कर रहे हैं।**

A. लेखन एवं श्रवण

B. श्रवण एवं लेखन

C. पठन एवं लेखन

D. श्रवण एवं पठन

Ans.B

**12. पठन को प्रभावित करने वाली अधिगम विकलांगता है ...............**

A. लेखन वैकल्य

B. पठन वैकल्य

C. गणन वैकल्य

D. आचरण वैकल्य

Ans.B

**13. सुश्री परवीन की कक्षा में, बहुधा विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उनके पीछे-पीछे दोहराएँ। सुश्री परवीन ................ अनुसरण कर रही है।**

A. अपनी कक्षा में पुनरावृत्ति ड्रिल का

B. अपनी कक्षा में वार्तालाप ड्रिल का

C. अपनी कक्षा में पूरा करने की ड्रिल का

D. अपनी कक्षा में विकल्प ड्रिल का

Ans.A

**14. सस्वर पठन गतिविधियाँ ................ हैं।**

A. पढ़ना सीखना शुरू करने वाले पाठकों के लिए लाभदायक है।

B. पढ़ना सीखना शुरू करने वाले पाठकों के लिए लाभदायक नहीं हैं।

C. केवल पठन के उच्च स्तर तक पहुँच गए पाठकों के लिए लाभदायक नहीं हैं।

D. पठन के उच्च स्तर तक पहुँच गए पाठकों के लिए लाभदायक नहीं हैं।

Ans.A

**15. निम्नलिखित में से किस स्थिति में उपचारात्मक शिक्षण दिया जाना चाहिए?**

A. विद्यार्थी अधिगम का आनन्द ले रहे हैं।

B. विद्यार्थी पढ़ाई गई अवधारणा को समझ नहीं पा रहे हैं।

C. विद्यार्थी अपनी गति से स्वयं अध्ययन करना चाहते हैं।

D. विद्यार्थी कहानी की पुस्तक पढ़ना चाहते हैं और पठन का आनन्द ले रहे हैं।

Ans.B

**16. प्रथम भाषा अर्जन के लिए कौनसा सही है?**

A. यह प्राकृतिक रूप से अर्जित की जाती है।

B. इसके लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

C. इसके लिए औपचारिक निर्देश की आवश्यकता है।

D. यह बच्चे के सचेत प्रयासों के पश्चात अर्जित होती है।

Ans.A

**17. 'निकटस्थ विकास का क्षेत्र' शब्दावली किससे संबंधित है?**

A. सामाजिक- सांस्कृतिक सिद्धान्त

B. संज्ञानात्मक विकास का सिद्धान्त

C. व्यवहारवादी उपागम

D. मनोविश्लेषित सिद्धान्त

Ans.A



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**18. 'निपुण भारत अभियानश का उद्देश्य है कि बच्चे पठन तथा लेखन में निपुणता अवश्य प्राप्त कर लें, जब बच्चे ................**

A. विद्यालय में प्रवेश करें

B. कक्षा 3 में पहुंच जाएँ

C. कक्षा 6 में प्रवेश करें

D. कक्षा 8 में पहुँच जाएँ

Ans.B

**19. भाषा में ध्वनि की सबसे छोटी अर्थपूर्ण इकाई ................. है?**

A. रूप विधान (मॉफम)

B. वर्ण संकेत

C. स्वनिम

D. वाक्य विन्यास

Ans.C

**20. जब शिशु 2-3 महीनों की आयु में स्वर ध्वनियों को बोलने में सक्षम हो जाते हैं उस अवस्था को क्या कहते हैं?**

A. बबलाना

B. किलकना (कूइंग)

C. एक शब्दीय बुदबुदाना

D. रूप विधान (मॉफम)

Ans.B

**21. कबीर छः भिन्न भाषाओं में प्रवाह के साथ बोलता है। यह भाषायी योग्यता उसे ............ बनाती है।**

A. द्विभाषी वक्ता

B. बहुभाषी

C. एकभाषीय वक्ता

D. भाषा विद्

Ans.B

**22. पियाजे के अनुसार बच्चे के समग्र बौद्धिक विकास के लिए ................**

A. भाषा की कोई भूमिका नहीं है।

B. भाषा सबसे महत्वपूर्ण पहलू है।

C. भाषा मात्र एक पहलू है।

D. भाषा विकास का अंग नहीं है।

Ans.B

**23. चॉम्सकी की पारिभाषिक शब्दावली सहजता योग्यता को किस रूप में समझा जा सकता है?**

A. भाषा अर्जन उपकरण

B. सक्रिय अनुकूलन

C. वास्तविक अधिगम

D. सामाजिक अधिगम

Ans.A

**24. प्रथम भाषा अर्जन क्या है?**

A. शिक्षार्थी के सचेत प्रयास हैं।

B. विद्यालय की प्रमुख गतिविधि है।

C. प्रशिक्षण के द्वारा होती है।

D. प्राकृतिक प्रक्रिया है।

Ans.D

**25. ऐसा कक्षा जहाँ बच्चे अपनी मातृभाषा से शुरुआत करते हैं तथा उसके बाद उन्हें अतिरिक्त भाषाओं का शिक्षण दिया जाता है, वह क्या कहलाती है?**

A. द्विभाषी कक्षा

B. बुनियादी कक्षा

C. मानबीय उपागम

D. बहुभाषिक कक्षा

Ans.D



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**26. किसी एक विचार को औपचारिक तरीके से संप्रेषित किया जाता है, फिर उसी विचार को अनौपचारिक तरीके से संप्रेषित किया जाता है, एकभाषिक वक्ता की इस स्थिति को क्या कहेंगे?**

A. समाज भाषा विज्ञान

B. कोड बदलना (कोड स्विचिंग)

C. कोड मिलाना (कोड मिक्सिंग)

D. बोलियाँ

Ans.B

**27. नॉम चॉमस्की समर्थन करते हैं कि ............**

A. बच्चे द्रुतगति से भाषा अर्जित करते हैं।

B. सभी संस्कृतियों में भाषा अधिगम का प्रतिरूप अधिकांशत: एक जैसा है।

C. भाषा का विकास अधिकांश बच्चों में समान आयु के आस-पास होता है।

D. भाषा केवल सीखी जाती है, यह अर्जित नहीं की जाती है।

Ans.B

**28. नॉम चॉमस्की के सिद्धान्त के अनुसार हम सभी इस सहजात समझ के साथ जन्म लेते हैं कि भाषा कैसे कार्य करती है।**

A. संकेत भाषा

B. सार्वभौमिक व्याकरण

C. बुनियादी शिक्षा

D. व्यावहारिक विज्ञान

Ans.B

**29. बहुभाषिक शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें शिक्षार्थी विद्यालय में अतिरिक्त भाषा सीखने से पहले ................ से शुरुआत करते हैं-**

A. अपनी मातृभाषा B. द्वितीय भाषा

C. संकेत भाषा D. बह भाषाओं

Ans.A

**30. द्वितीय भाषा के शिक्षणशास्त्रीय अभ्यास में . .................. के द्वारा संरचना को बेहतर तरीके से आत्मसात किया जाता है।**

A. सामान्यत: प्रयोग होने वाले वाक्य-विन्यासों के अभ्यास तथा पुनरावृत्ति (दोहराब)

B. रोचक विषय सामग्री के साथ अर्थपूर्ण अंत: क्रिया

C. भाषा के अर्थपूर्ण अंतरण

D. अवलोकन तथा सहायता देने

Ans.B

**31. निम्नलिखित में से कौन-सा किसी उत्तम पाठ्य पुस्तक का मूलभूत मानदण्ड नहीं है?**

A. भाषा एवं शब्द भण्डार

B. विषय वस्तु

C. शैली एवं योजना

D. मुद्रण एवं जिल्द चढ़ाना

Ans.D

**32. एक अध्यापिका पाँचवी कक्षा के अपने विद्यार्थियों को छह वाक्यों का एक छोटा अनुच्छेद दो बार सुनने के लिए कहती है। फिर वह विद्यार्थियों को चार-चार के समूह में सुने हुए वाक्यों को अपने शब्दों में लिखने के लिए कहती है। यह शिक्षण विधि का कौन-सा रूप है?**

A. रचनात्मक लेखन

B. श्रवण एवं भाषण

C. अनुच्छेद श्रुतलेख

D. वाक्य आधारित श्रुतलेख

Ans.C

**33. एक अध्यापिका को पता चलता है कि कुछ विद्यार्थी सीखते समय अनुच्छेदों की विस्तृत व्याख्या एवं वाक्य रचना को समझने में कठिनाई अनुभव कर रहे हैं। वह उन्हें एक समृद्ध शब्द**



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**भण्डार देती है और कुछ युक्तियों का सुझाव देकर उनका अभ्यास करवाती है। इस तरह कुछ समय पश्चात उसके विद्यार्थी भाषा सीखने संबंधी कठिनाइयों को दर कर पाते हैं। अध्यापिका ने यह किस प्रकार का आकलन किया है?**

A. निदानात्मक आकलन

B. रचनात्मक आकलन

C. योगात्मक आकलन

D. स्थानात्मक आकलन

Ans.A

**34. किसी भाषा की परीक्षा (टेस्ट) का ब्लू प्रिंट तैयार करते समय निम्नलिखित में कौन सा कार्य आवश्यक नहीं है?**

A. शिक्षण उद्देश्यों को महत्व देना।

B. प्रश्नों के विविध रूपों को महत्व देना।

C. कठिनाई के स्तर को महत्व देना।

D. लेखन की विविध शैलियों को महत्व देना।

Ans.D

**35. एक शिक्षक श्यामपट्ट पर स्पष्ट लेख में कुछ शब्द लिखता लिखती है और विद्यार्थी उन शब्दों को अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी विधि वर्तनी सिखाने की इस तकनीक से मेल खाती है?**

A. खेल विधि

B. अभ्यास विधि (ड्रिल)

C. प्रतिलेखन विधि

D. श्रुतलेख विधि

Ans.C

**36. एक बालक भाषा सीखते समय निम्नलिखित कठिनाई अनुभव करता पाया जाता है-**

(क) नाम तथा अक्षरों की ध्वनि को सीखने में कठिनाई

(ख) ऊँचे स्वर में पढ़ते समय गलतियाँ करना

(ग) शब्दों और वाक्यों को पढ़ते समय दृष्टिबाधा

(घ) लेखन कार्य को पूरा करने में अधिक समय लगाना।

बालक किसके लक्षण प्रदर्शित करता करती है?

A. वाचन वैकल्य

B. लेखन वैकल्य

C. सीखने में अक्षमता

D. सीखने का भय

Ans.A

**37. एक अध्यापिका लखनऊ पर पाठ पढ़ाती है। विद्यार्थियों द्वारा मौन पठन के पश्चात वह उनसे निम्नलिखित प्रश्न करती है -**

(अ) हजरतगंज में शोर क्यों नहीं था?

(ब) लखनऊ को नवाबों का शहर क्यों कहा जाता है?

निम्नलिखित में से कौन-सा (अ) व (ब) प्रश्नों की प्रकृति को परिभाषित करता है?

A. पुनरावृत्यात्मक प्रश्न

B. कालान्तरित प्रश्न

C. परिचयात्मक प्रश्न

D. बोधात्मक प्रश्न

Ans.B

**38. निम्नलिखित में से कौन-सा मौन पाठ का लाभ नहीं है?**

A. यह विद्यार्थियों की झिझक और संकोच दूर करता है।

B. यह विद्यार्थियों की ऊर्जा बचाता है।

C. विद्यार्थी समझ एवं चिंतन से अर्थ ग्रहण करते है।

D. यह विद्यार्थियों में स्वत: अध्ययन की प्रवृत्ति विकसित करता है।

Ans.A



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**39. अंग्रेजी भाषा के शिक्षण विधि के संबंध में निम्नलिखित कथन पढ़िए–**

(a) यह शिक्षण–पद्धति सर्वप्रथम जर्मनी में प्रारम्भ की गई।

(इ) अंग्रेजी भाषा सिखाने के लिए पूरे यूरोप में यह व्यापक रूप में अपनाई गई।

(c) शिक्षण की इकाई शब्द है न कि वाक्य।

(d) विषय–सामग्री मानक प्रारूप में विभाजित की जाती है।

(e) यह औपचारिक से क्रियात्मक चरणों की ओर जाती है।

(f) वाक्य रचना व्याख्या करने में वाक्य रचना का सर्वोत्तम उपयोग करती है।

निम्नलिखित में से कौन–सी इन विशेषताओं को दर्शाती है?

A. दृश्य–श्रव्य विधि

B. स्थानापन्न विधि

C. द्विभाषीय पद्धति

D. व्याकरण सम्मत अनुवाद पद्धति

Ans.D

**40. निम्नलिखित कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन करें**

**कथन (अ):** मूल्यांकन का उपकौशल उपागम जो किन बिन्दुओं में मदद की जरूरत है यह भाँपने की अध्यापक की सहजबुद्धि को परिलक्षित करता है।

**तर्क (ब):** लेखन और श्रवण की परीक्षा को कई उपकौशलों में बाँटा जा सकता है, एकीकृत भाषा परीक्षाओं द्वारा पूरा किया जा सकता है।

A. (अ) सही है लेकिन (अ) गलत है।

B. दोनों (अ) और (ब) सही हैं और (ब), (अ) की सही व्याख्या करता है।

C. दोनों (अ) और (ब) सही हैं लेकिन (ब), (अ) की सही व्याख्या नहीं करता है।

D. (अ) सही नहीं है लेकिन (ब) सही है।

Ans.C

**41. एक अध्यापक किसी पाठ्य सामग्री का आधा भाग स्वयं ऊंचे स्वर में पढ़कर अपने विद्यार्थियों से कहता कहती है कि वे उस पाठ के अंत को अपने अनुसार पूर्ण करें। यह किस प्रकार की गतिविधि है?**

A. अनुभव आधारित गतिविधि

B. समूह कार्य

C. लेखन गतिविधि

D. अन्तर्बोध आधारित गतिविधि

Ans.A

**42. निम्नलिखित पद्धतियों में से कौन सी पद्धति विद्यार्थियों में शब्द भण्डार विकसित करने की सर्वोत्तम युक्ति है?**

A. समानार्थी एवं विपरीतार्थी शब्दों को याद करना

B. दिए गए संदर्भ में नए शब्दों के अर्थ का अनुमान लगाना

C. प्रत्येक नए शब्द का अर्थ शब्दकोश में देखना।

D. सभी नए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करना।

Ans.B

**43. बहुभाषिता का प्रयोग एक संसाधन के रूप में करना चाहिए जिससे –**

A. बच्चे बहुत सी भाषाएँ सीख सकें।

B. शिक्षक बहुत सी भाषाएँ सीख सकें।

C. प्रत्येक बच्चे को सुरक्षा एवं स्वीकृति का अहसास हो।

D. बच्चे बहुत सी भाषाओं से वर्जित हो जाते हैं।

Ans.C



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**44. कक्षा में विद्यार्थियों को प्रायः कहानी सुनाई जानी चाहिए क्योंकि इससे-**

A. विद्यार्थियों का मनोरंजन होता है।

B. इससे नैतिक शिक्षा मिलती है।

C. भाषा को समग्र रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

D. कठिन शब्दों का ज्ञान कराया जाता है।

Ans.C

**45. भाषा-अर्जन का अर्थ है**

A. किसी भाषा के व्याकरण के नियमों को सीखना।

B. किसी भाषा को अनौपचारिक परिवेश में अनजाने में ही सीख लेना।

C. किसी भाषा को औपचारिक परिवेश में सायास सीखना।

D. भाषा के बारे में सीखना।

Ans.B

**46. श्याम अपनी मातृभाषा संथाली बहुत अच्छे से पढ़ लेता है और उसने बहुत अच्छी तरह से फ्रैंच भाषा सीख ली है। वह अब फ्रैंच भाषा में भी पढ़ लेता है। इसे क्या कहते हैं?**

A. कौशल का अंतरण

B. पठन अंतरण

C. अधिगम अंतरण

D. पठन युक्ति

Ans.A

**47. भाषा में 'सहजात' से क्या तात्पर्य है?**

A. वाचन में मनुष्यों की स्वैच्छिक प्रकृति

B. भाषा बोलना शुरू करने के समय बच्चों द्वारा महसूस की गई समस्याएँ

C. भाषा बोलने की मनुष्यों की स्वभाविक क्षमता

D. भाषा बोलने से पहले मनुष्यों का सोच-विचार करना

Ans.C

**48. कक्षा छह की अध्यापिका अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को पाँच-पाँच के समूहों में बाँटती है और तीन महीने तक साथ-साथ काम करने के लिए कार्य देती है। इस कार्य में उन्हें भिन्न-भिन्न विषयों पर बहुत से लोगों के विचार, आँकड़ों का संग्रह करना है। बाद में एक रिपोर्ट लिखकर उसे कक्षा में प्रस्तुत करना है। इस गतिविधि को क्या कहते हैं?**

A. प्रदत्त कार्य

B. परियोजना कार्य

C. सत्र कार्य

D. पोर्टफोलियो आकलन

Ans.B

**49. सामग्रियों द्वारा दिए गए निवेश (अवसर) किस प्रकार ग्राह्य हो सकते हैं?**

A. शिक्षार्थी द्वारा ड्रिल के माध्यम से व्याकरणिक पहलुओं का अभ्यास करना।

B. शिक्षार्थी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए समझ के साथ संदर्भ में भाषा का प्रयोग करते हैं।

C. शिक्षार्थी अर्थ समझते हैं और भाषा का पुनरुत्पादन करते हैं।

D. शिक्षार्थी पाठ्य सामग्री कंठस्थ करते हैं और बाद में प्रयोग में लाते हैं।

Ans.B

**50. निम्नलिखित में से कौन सी टॉप डाउन श्रवण प्रक्रियाएँ हैं और कौन-सी बॉटम-अप प्रक्रियाएँ हैं?**

**A. मुख्य बिंदु को जानने के लिए अनुमान लगाने, निष्कर्ष निकालने, सारांशीकरण करने के लिए सुनना।**

**B. विशिष्ट बारीकियों जैसे ध्वनि, शब्द और खंड आदि के लिए सुनना।**



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

A. (A) बॉटम-अप प्रक्रिया है तथा (B) टॉप डाउन प्रक्रिया है।

B. (B) बॉटम-अप प्रक्रिया है तथा (A) टॉप डाउन प्रक्रिया है।

C. दोनों (A) और (B) बॉटम-अप प्रक्रियाएँ हैं।

D. (B) और (A) दोनों टॉप-डाउन प्रक्रियाएँ हैं।

Ans.B

**51. अश्विन किसी पाठ्य सामग्री में से और दूसरों द्वारा बोली गई किसी भी बात में से कुछ शब्दों की पहचान कर लेता है। परन्तु इन शब्दों का प्रयोग स्वयं नहीं कर पाता है। इन शब्दों को किस श्रेणी में रखेंगे?**

A. सक्रिय शब्द संपदा

B. कठिन शब्द

C. निष्क्रिय शब्द संपदा

D. कम प्रयुक्त होने वाले शब्द

Ans.C

**52. जीवा नई व्याकरणिक अवधारणाएँ जैसे कि जा रहा था/ जा रहे थे, सीखते समय पहले से सीखी हुई अवधारणाओं जैसे कि जा रहा है/ जा रहे हैं, से संबंध जोड़ पाता है।**

**इस युक्ति को क्या कहेंगे?**

A. संज्ञानात्मक युक्ति

B. परा संज्ञानात्मक युक्ति

C. संज्ञानात्मक एवं परा संज्ञानात्मक दोनों ही

D. अनुमान लगाने की युक्तियाँ

Ans.A

**53. नीचे दी गई गतिविधि पर ध्यान दें-**

**शिक्षार्थियों को समाचार पत्र से मौसम की रिपोर्ट पढ़ने के लिए कहा गया और शहरों के मौसम को एक सप्ताह या उस दिन विशेष के मौसम का विश्लेषण करने के लिए कहा गया। शिक्षार्थी समूची कक्षा में प्रस्तुत करने के लिए समूह में कार्य करते हैं और विश्लेषण करते हैं। इस कार्य में भाषा अधिगम की कौन सी युक्ति शामिल है?**

A. अध्ययन-संलग्नता-विमर- इस्तेमाल (भाषा)

B. प्रस्तुति-अभ्यास-परिणाम (भाषा)

C. कार्य आधारित भाषा अधिगम

D. प्रयोग में भाषाश पद्धति

Ans.A

**54. भारती नामक अध्यापिका कक्षा आठ के शिक्षार्थियों की गलतियों को नोट करती जाती है और सप्ताह में एक बार शिक्षार्थियों से इन पर चर्चा करती है और गलतियों पर उनका ध्यान आकर्षित करती है और यह भी बताती है कि ये गलतियाँ कैसे हुई होंगी। वह शिक्षार्थियों को अपनी गलतियों पर चिंतन-मनन करने के लिए भी कहती है। वह क्या कर रही हैं?**

A. त्रुटि विश्लेषण

B. प्रतिपुष्टि देना

C. व्याकरण के नियम बताना

D. व्याकरण सीखना

Ans.B

**55. निम्नलिखित कार्य लेखन के किस प्रकार के अन्तर्गत आएगा?**

**'कल्पना करें कि कहानी में आप एक पात्र हैं, अपनी भावनाएँ बताने के लिए अपने मित्र को पत्र लिखें।'**

A. एक्सट्रापोलेटिव लेखन

B. रचनात्मक लेखन

C. तर्क संबंधी लेखन

D. वर्णानात्मक लेखन

Ans.A



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

**56. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 किसके अध्ययन की अनुशंसा करती है?**

A. अंग्रेजी और विदेशी भाषाएँ, मातृभाषा और संस्कृत

B. संस्कृत, तमिल, शास्त्रीय भाषाएँ, हिन्दी, अंग्रेजी और उर्द

C. मातृभाषा, दूसरी भारतीय भाषाएँ, संस्कृत, विदेशी भाषाएँ, शास्त्रीय भाषा

D. घर की भाषा / मातृभाषा, दूसरी भारतीय भाषाएँ, विदेशी भाषा, शास्त्रीय भाषा

Ans.D

**57. 'पाठ्य सामग्री की प्रमाणिकता' क्या है?**

A. पाठ्यपुस्तक के लेखकों द्वारा विकसित पाठ्य सामग्री

B. किसी संदर्भ तथा प्राकृतिक भाषा प्रयोग से उपजी पाठ्य सामग्री

C. अधिकारी द्वारा दी गई आदेशात्मक सामग्री

D. पाठ्यपुस्तक की समूची पाठ्य सामग्री और वृतान्त

Ans.B

**58. कौन सी गतिविधि पोर्टफोलियो आकलन से संबंधित है?**

A. अध्यापक शिक्षार्थियों के अधिगम के प्रत्येक चरण के बारे में टिप्पणी लिखते हैं और उसका रिकार्ड रखते हैं।

B. अध्यापक शिक्षार्थी के प्रत्येक कार्य का रिकार्ड रखते हैं जिससे कि हर गतिविधि के लिए अंक दिए जा सकें।

C. अध्यापक अभिभावकों को पृष्ठपोषण देने के लिए रिपोर्ट कार्ड में अपने विचार लिखते हैं।

D. कक्षा में शिक्षार्थी द्वारा की जाने वाली सभी गतिविधियों का रिकार्ड रखना।

Ans.A

**59. एक अध्यापक कक्षा आठ के विद्यार्थियों को दस वाक्यों का एक अनुच्छेद पढ़कर सुनाती है और उन्हें ध्यान से सुनने के लिए कहती है। शिक्षार्थियों से कहा जाता है कि वे श्रवण के आधार पर इस अनुच्छेद को पुनः लिखें, अनुच्छेद में आए शब्दों और वाक्यों को उसी तरह से लिखने की जरूरत नहीं है। उन्हें अनुच्छेद के अर्थ को ध्यान में रखना है। इस गतिविधि को क्या कहते हैं?**

A. अनुच्छेद श्रुत लेख

B. पारस्परिक श्रुत लेख

C. वाक्यों द्वारा श्रुत लेख

D. व्याकरण अनुवाद श्रुत लेख

Ans.A

**60. एक अनुच्छेद में से हर पंक्ति में छठे या सातवें शब्द के बाद एक शब्द या वाक्यांश हटा दिया जाता है। फिर उसे पूरा करने के लिए कहा जाता है। इस परीक्षण को क्या कहते हैं?**

A. रिक्त स्थानों की पूर्ति

B. व्याकरण रिक्त कार्य

C. क्लोज परिक्षण

D. अनुच्छेद को पूरा करना

Ans.C

**61. भाषा कौशल के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. भाषा कौशल एक क्रम में ही अर्जित किए जाते हैं?

B. भाषा कौशल एक दूसरे को प्रभावित करते हैं

C. भाषा कौशल एक दूसरे से संबंधित हैं

D. भाषा कौशल एक क्रम में अर्जित नहीं किए जाते।

Ans.A

❑❑❑



Let's LEARN YouTube CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

*Your Key Points Here !*

Let's LEARN!

Let's LEARN!

YouTube

CLICK HERE https://www.youtube.com/c/LetsLEARN2016

Share

SUBSCRIBE

## Other Important Links

**CTET 5 Marathon Free Classes by Himanshi Singh:**
https://bit.ly/3skQ6wq

- **Pedagogy Classnotes Book (Amazon Link) :** https://amzn.to/3s4Pjjo
- **Pedagogy Classnotes Book (Flipkart Link) :** https://rb.gy/1z3xfw

- **Instagram :-** https://instagram.com/himanshisinghof...
- **Twitter :-** https://twitter.com/himanshiiisingh
- **Facebook :-** https://m.facebook.com/letslearnforctet/
- **Telegram :-** https://telegram.me/LETSLEARNSQUAD